पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने राजभवन में झण्डारोहण किया</u>
<u>विधान भवन पर परेड की सलामी ली</u>
<u>शाम को राजभवन में आयोजित किया स्वल्पाहार</u>

लखनऊः 26 जनवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजभवन में सायंकाल स्वल्पाहार का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री श्री अहमद हसन, पूर्व राज्यपाल श्री माता प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी, पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन, कांग्रेस के पूर्व मंत्री श्री अम्मार रिजवी, पूर्व मंत्री श्रीमती स्वरूप कुमारी बक्शी, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री नवीन चन्द्र बाजपेई, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री आलोक रंजन, मुख्य सचिव श्री राहुल भटनागर, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, पूर्व लोकायुक्त न्यायमूर्ति एन0के0 मेहरोत्रा, सिने कलाकार जावेद जाफरी, वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, सेना के अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह का शुभारम्भ एवं समापन सेना एवं पुलिस द्वारा पाईप बैण्ड के माध्यम से राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन में सुबह झण्डारोहण किया तथा राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। झण्डारोहण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये उन्होंने प्रदेश की जनता को गण्तंत्र दिवस की बधाई दी तथा आने वाले विधान सभा के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करके उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का आग्रह किया।

राज्यपाल ने विधान भवन पर आयोजित परेड का अभिवादन किया तथा विभिन्न संस्थाओं एवं विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झाँकियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने झांकियों और बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा भी की।

अंजुम/ललित/राजभवन (35/35)